तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ



खबर संक्षेप

बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में रंगोली प्रतियोगिता आज

हरदीबाजार। नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा पंडाल बस स्टैंड हरदीबाजार में मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रखा गया है। सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम पुरस्कार देते हुए अन्य प्रतिभागियों को भी मेडल व प्रशस्ति पत्र समिति के द्वारा दिया जाएगा। समिति के द्वारा प्रतिभागियों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की गई है।

दर्री जोन में सेवा सेतु शिविर कल

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निगम द्वारा 13 अक्टूबर को दर्री जोन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, विद्युत, सहकारिता, कौशल विकास, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। नागरिक संबंधित सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे और अपनी आवश्यकता के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देश पर मतदाता सूची के पुनर्स्थापन और नए मतदाताओं के पंजीकरण के संबंध में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने जिले के बीएलओ, ईएलसी कोऑर्डिनेटर और स्वीप नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसआईआर के दौरान अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में नाम छूट गए मतदाताओं और नए युवा मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों तथा शैक्षणिक संस्थानों में विशेष शिविर लगाने और घर-घर संपर्क करने को कहा गया। अधिकारियों को 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराने तथा मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

धूल के गुबार से हलाकान राहगीर



कोरबा। कटघोरा के लखनपुर ग्राम पंचायत से सुतर्रा मुख्य बाईपास अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां धूल के गुबार से रहवासी व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि इस सड़क पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही लगी रहती है। सड़क किनारे बने घर के लोग धूल के गुब्बारों के बीच रहने को मजबूर हैं। विगत दिनों ग्रामवासियों ने इसकी शिकायत कटघोरा एसडीएम से की थी तब एसडीएम ने आश्वासन दिया था कि सड़क पर रोजाना सुबह शाम पानी का छिड़काव किया जाएगा लेकिन शिकायत के बाद भी एक भी दिन पानी का छिड़काव नहीं किया गया है। ग्रामवासी खुद पानी का छिड़काव करते नजर आ रहे हैं। सड़क किनारे बने दुकानदारों का कहना है कि धूल के बीच दुकानदारी करने मजबूर हैं जिससे धंधा काफी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा चेतावनी दी गई है कि आने वाले दिनों में अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन कर चक्का जाम किया जाएगा। अब देखने वाली बात होगी कि इस समस्या से ग्रामवासियों को कब निजात मिलेगा।

जिला जेल में गूंजी भक्ति की बयार, 21 बंदियों ने शुरू किया उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इन दिनों शारदीय नवरात्रि की धूम है और चारों तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ है। आम जनजीवन के साथ-साथ अब इसकी महक सलाखों के पीछे भी पहुंच गई है। ऊर्जाधानी कोरबा के जिला जेल की चारदीवारी के भीतर बंद 21 बंदियों ने मां दुर्गा की आराधना के लिए विशेष उपवास रखने का संकल्प लिया है।

जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, बंदियों ने मां की भक्ति और उपासना के लिए जेल प्रबंधन से विशेष अनुमति मांगी थी। बंदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जेल के चिकित्सक से उनका परीक्षण कराया गया। डॉक्टर की हरी झंडी मिलने के बाद जेल प्रशासन ने उन्हें उपवास रखने की अनुमति प्रदान की। जिला जेल के जेलर अमितेश साहू ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जेल के भीतर कुल 21 बंदी माता रानी का व्रत रख रहे हैं। इनमें 18 पुरुष बंदी और 3 महिला बंदी शामिल हैं, जो पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ नवरात्रि की उपवास साधना में लीन हैं। आम दिनों की उदासी से दूर, इन दिनों कोरबा जिला जेल के भीतर का वातावरण पूरी तरह बदल गया है। चारों तरफ मां दुर्गा की आराधना और भजन-कीर्तन की गूंज सुनाई दे रही है। जेल प्रशासन द्वारा भी व्रत रखने वाले इन बंदियों के खानपान और फलाहार का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी आस्था और साधना को पूरा कर सकें। जेल के भीतर बंदियों की यह आस्तिकता और सकारात्मक बदलाव समाज के लिए भी एक अनूठा संदेश दे रही है।

18 पुरुष व 3 महिला बंदी को उपवास करने की मिली है अनुमति

खास बात

- डॉक्टरों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद बंदियों को दी गई उपवास रखने की अनुमति



पहले दिन हुई शैलपुत्री की पूजा, दोपहर बाद मंदिरों में प्रज्जवलित किए गए कलश

आदिशक्ति के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब परदेशियों के नाम भी मनोकामना ज्योति कलश



सर्वमंगला मंदिर परिसर में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित करते हुए मुख्य पुजारी।



दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्र के पहले दिन शैलपुत्री की पूजा के साथ आदिशक्ति के दरबार में सुबह की पौ फटते ही आस्था का सैलाब ऐसा उमड़ा कि देर रात तक मंदिरों में दर्शानार्थियों की भीड़ कतारों में नजर आ रही थी। दोपहर बाद मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हमेशा की तरह इस वर्ष भी परदेश में रहने वाले आदिशक्ति के उपासकों ने भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए।

हसदेव नदी के किनारे स्थित मां सर्वमंगला के दरबार से लेकर चैतुरगढ़ के पहाड़ में स्थापित महिषासुर मर्दनी के दरबार तक भक्ति का सैलाब नजर आया। अलग अलग रुपों की भक्त मां की आराधना करने पहुंचे थे। पहले दिन शैलपुत्री की पूजा के साथ घट स्थापना की गई और उसके बाद मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित करने का दौर शुरु हुआ। शाम तक सभी मंदिरों में गोधली बेला के पूर्व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होते ही मां का दरबार जगमगा उठा। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के पहाड़ों में विराजी आदिशक्ति के दरबार में रविवार से मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित हो गए हैं। इसी के साथ ही शाम होते ही आदि शक्ति की भक्ति का नृत्य गरबा डांस की भी शुरुआत हो गई है। क्वांर नवरात्री का पर्व विशेषकर डांडिया और गरबा के लिए जाना जाता है जिसके लिए आकर्षक ढंग से दुर्गोत्सव समिति के द्वारा पंडालों को संजाया गया है। क्वांर नवरात्रि का पर्व शुरु होते ही मड़वारानी पहाड़, चैतुरगढ़, चेपारानी, डंगनाई देवी, कोसगाई देवी आदि पहाड़ों में विराजी आदिशक्ति के दरबार में रविवार से 9 दिन तक चलने वाली भक्ति का रंग नजर दिखने लग गया है। भक्त पहले दिन से ही आदिशक्ति की अराधना के लिए पहाड़ों में चढ़ना शुरु कर दिये हैं। पहाड़ों के अलावा मैदानी क्षेत्र के देवी मंदिरों में भी मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये गये हैं। पुरानी बस्ती दुर्गा मंदिर, बालको काली मंदिर, कंगालीन देवी मंदिर, कटघेरा, रजगामार के दुर्गा मंदिर इन सभी मंदिरों में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए रसीद काटी जा चुकी है।

मंदिर समितियों के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विभिन्न तरह के प्रबंध किये हैं इसके अलावा पार्किंग की भी व्यवस्था दी गई है। चैतुरगढ़ में स्थापित प्राचीन महिषासुर मर्दनी के दर्शन के लिए बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़, जिले से भी लोग पहुंचते हैं। पाली विकासखंड के लाफा जमीदारी के अंतर्गत आने वाला चैतुरगढ़ मंदिर जिले के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का महत्वपूर्ण स्थल है। पुरातत्व विभाग के अधीन इस मंदिर में भी प्रतिवर्ष क्वांर और चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये जाते हैं। मंदिर परिसर से 3 किमी पहले आम श्रद्धालु वाहन से पहुंच सकते हैं उसके बाद पहाड़ की चढ़ाई पैदल तय करना पड़ता था। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में ही भंडारा संचालित किया जाता है। जो पहले दिन से शुरु हो जाता है। चैतुरगढ़ के अलावा मंडवारानी और कोसगाई मंदिर में भी पहले दिन से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे हैं।

खास बात

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के दुर्गा पंडालों में विराजित हुई मां की प्रतिमाएं



कहां कितने प्रज्जवलित ज्योत कलश

सर्वमंगला मंदिर	12000	डंगनाई देवी	150
कोसगाई मंदिर	2700	महामाया चैतमा	400
मातिनदाई	1100	राजग्वालिन मंदिर	251
भवानी मंदिर	5200	तुम्हान दाई 65	

मड़वारानी में पंचमी से जलेंगे ज्योति कलश

अंचल के मड़वारानी में पंचमी से नवरात्री की शुरुआत की जाएगी इस दिन से ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे। नौ दिन तक चलने वाले आदिशक्ति की भक्ति की पर्व का समापन 25 अक्टूबर को दशहरा के साथ किया जाएगा। अंचल का एक मात्र धार्मिक स्थल है जहां मनोकामना ज्योति कलश नवरात्र के पंचमी से किया जाता है। जहां आसपास के ग्रामीण अंचल के भक्तों का पूरे नौ दिन तक आस्था नजर आती है। इसके अलावा डंगनाई देवी में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जा रहे हैं। भैसमा, करतला मार्ग में डंगनाई पहाड़ पर विराजित डंगनाई देवी के प्रति भी आस्था नजर आती है। यहां भी धरमजयगढ़ और रायगढ़ से दर्शानार्थी पहुंचते हैं।

अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर, लंदन के भक्तों ने जलवाये ज्योत कलश

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विदेशों में बसे अंचल के लोगों ने भी मनोकामना ज्योति कलश मां सर्वमंगला के दरबार में प्रज्जवलित कराएं। जिनमें सिंगापुर अशोक परिजात, कनाडा से रियार्थ नव्यांश देवांगन और रश्मित कौर अमेरिका से शंकर अंजू, केशव विहान तथा लंदन के शटल से जैनियन कुमार ने घी के ज्योति कलश प्रज्जवलित कराएं हैं।

चेक बाउंस मामले में युवक को एक साल की जेल व पांच लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चेक अनादरण के मामले में आनंद कुमार श्रीवास नामक युवक को जेएमएफसी कोर्ट ने दोषसिद्ध करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष के सश्रम कारावास और 5 लाख रुपये के जुर्माना से दण्डित किया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए परिवादी देवी प्रसाद यादव ने बताया कि आनंद कुमार श्रीवास द्वारा गुप्ता गली में सेलून का संचालन किया जाता है, जहां परिवादी देवी प्रसाद से अभियुक्त आनंद कुमार श्रीवास का परिचय हुआ। इस दौरान आनंद कुमार श्रीवास उसकी माता शिव कुमारी श्रीवास और आनंद की पत्नी सुमन श्रीवास को अपने कार्य हेतु पैसे की आवश्यकता होने पर उन्होंने देवी प्रसाद यादव से संपर्क किया। परिवादी द्वारा आनंद कुमार श्रीवास को उनके व्यवसाय एवं पारिवारिक कार्य हेतु 3 जून 2023 को तीन लाख नब्बे हजार रूपये प्रदान किए गए थे। इस संबंध में उभयपक्ष के मध्य अनुबंध पत्र भी निष्पादित किया गया था। राशि प्राप्त करते समय श्रीवास परिवार द्वारा 6 माह में संपूर्ण राशि लौटाए जाने का आश्वासन दिया गया था। अनुबंध पत्र निष्पादित करते समय आनंद कुमार श्रीवास द्वारा चेक के माध्यम से राशि दी गई थी। बाद में आरोपी आनंद कुमार श्रीवास उधार की रकम वापस करने में आनाकानी करने लगा। परिवादी द्वारा जब आनंद कुमार श्रीवास द्वारा प्रदान किया गया चेक अपने बैंक में प्रस्तुत किया गया तो उक्त चेक अनादरित हो गया। इसके पश्चात देवी प्रसाद यादव द्वारा इस संबंध में विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

घर में खेल रहे तीन वर्षीय मासूम की ऑटो की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घर में खेल रहा बच्चा उस समय ऑटो के पहियों की चपेट में आ गया, जब परिजन वाहन को बाहर निकाल रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। हादसे की सूचना मिलने पर बालको पुलिस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जांजगीर चांपा जिले के सिवनी भदरा निवासी हर्ष कुमार (3 वर्ष), पिता दिल कुमार के रूप में हुई है। वह अपने मामा के घर कोरबा के परसाभाठा स्थित पुराने नवधा चौक के पास आया हुआ था। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह करीब 8 बजे घर में रोजमर्रा की तरह ऑटो को बाहर निकाल रहा था। वाहन को बाहर निकालते समय बच्चा अनजाने में ऑटो के पहियों की चपेट में आ गया। हादसे में उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वह अचेत हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजन घबराकर बच्चे को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है और आटो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खास बात

- बालकोनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा का मामला
- आटो बैक करते समय मासूम आ गया था पहिये के नीचे

6 जुआरियों पर कार्रवाई 10 हजार रुपए जब्त

कोरबा। बांकी मोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुड़देवा में खेतों के बीच जुए का फड़ सजा था। जिसकी सूचना मुखबिर ने बांकीमोंगरा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बांकी पुलिस ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके पास से 10 हजार रुपए नगद जब्त किए हैं। जानकारी के अनुसार, घुड़देवा क्षेत्र में खेतों के बीच जुए का फड़ सजा था। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु उपनिरीक्षक निखिल देवांगन ने त्वरित टीम के साथ मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान जुआ खेल रहे 6 लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में करण मेहता, चंदन कुमार मनहर, अशोक रात्रे, मोहम्मद रिजवान, अभिषेक कार्णिक एवं राहुल मिस्त्री शामिल हैं। जिनके पास से 10 हजार रुपए नगदी सहित बाइक और ताश की गड्डी जब्त की है।

कोरबा मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में अव्यवस्था का आलम

600 से ज्यादा छात्र, रहने की जगह सिर्फ 240 के लिए, हॉल में बिस्तर लगाकर कर रहे गुजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉक्टर बनने का सपना लेकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अब रहने की व्यवस्था के लिए भी जूझना पड़ रहा है। कोरबा मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या 600 के पार पहुंच गई है लेकिन झगरहा स्थित आईटी कोरबा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में संचालित छात्रावास की क्षमता महज 240 विद्यार्थियों की है। नए सत्र में 125 विद्यार्थियों के प्रवेश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। जगह की कमी के चलते विद्यार्थियों को कमरों में समायोजित करने के साथ छात्रावास के बड़े हॉल में बिस्तर लगाकर अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ रही है।

गौरतलब है कि मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूसरे स्थानों से आने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश के साथ बुनियादी आवासीय सुविधा मिलने की उम्मीद रहती है लेकिन कोरबा मेडिकल कॉलेज का संचालन मौजूदा वक्त में झगरहा स्थित आईटी कोरबा इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन में किया जा रहा है। इसी परिसर में कक्षाओं के साथ छात्रावास की व्यवस्था भी है। कॉलेज में विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियों की कुल संख्या 600 से अधिक हो चुकी है, जबकि छात्रावास में केवल 240 विद्यार्थियों के रहने की क्षमता है। नए सत्र में 125 विद्यार्थियों के प्रवेश के बाद आवास की समस्या ने गंभीर रूप ले लिया। जगह कम पड़ने पर प्रबंधन को उपलब्ध कमरों में विद्यार्थियों को समायोजित करना पड़ा। वहीं कुछ नए विद्यार्थियों के रहने के लिए छात्रावास के बड़े हॉल में बिस्तर लगाने पड़े हैं। इस अस्थायी व्यवस्था से विद्यार्थियों को फिलहाल गुजारा करना पड़ रहा है। छात्रावास में जगह की कमी अचानक पैदा हुई समस्या नहीं है। कॉलेज में पहले से ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी ⏭शेष पेज 3 पर



हॉस्टल में छात्रों के लगे हुए बेड।

325 करोड़ का नया भवन अब तक तैयार नहीं

कोरबा के भुलसीडीह में मेडिकल कॉलेज के स्थायी परिसर का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए 124.24 एकड़ जमीन आवंटित की गई है और भवन निर्माण के लिए 325 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बताया जा रहा है कि नए भवन को जनवरी 2027 तक प्रबंधन को सौंपे जाने की संभावना है। भवन हस्तांतरित होने के बाद विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद है। लेकिन तब तक पुराने परिसर में सीमित संसाधनों के बीच ही व्यवस्था चलानी होगी। मेडिकल कॉलेज के पास अपना भवन नहीं होने के कारण आईटी कोरबा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में संचालन किया जा रहा है। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन हर महीने 14 लाख रुपये किराया दे रहा है।

खबर संक्षेप

युवक ने महिला दुकानदार का सिर फोड़ा

बिलासपुर। सिगरेट नहीं है कहने पर युवक ने महिला दुकानदार पर लाठी से हमला कर सिर फोड़ दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।



रतनपुर निवासी निरूपा साहू पति संतोष साहू 38 साल महामाया कालेज बेरियर के पास अपनी दुकान में बैठी हुई थीं। इसी दौरान शिवा नामक युवक दुकान में आया और सिरगेट मांगा। महिला द्वारा सिगरेट नहीं है कहीं तो युवक उनसे विवाद करने लगा और लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

युवक व डीजे बजाने वाले पर चाकू से हमला

बिलासपुर। खाना खाकर टहल रहे युवक व डीजे बजाने वाले के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, डीपूपारा गगन अपार्टमेंट निवासी सैंकी राम पिता मारकुस राम 10 अक्टूबर की रात 11.30 बजे खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे। दुर्गा मंदिर के पास मोहल्ले का इमरान खान मिला. उसने शराब पीने के लिए 200 रुपए मांगा। मना करने पर इमरान खान जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। दूसरी घटना में अशोक अटल आवास निवासी राजू राजपूत पिता सुरेन्द्र राजपूत 10 अक्टूबर की रात अशोकनगर अटल आवास माता रानी के आगमन पर डीजे बजाने गए थे। अशोकनगर बगदई मंदिर के पीछे राव चिकन गली के पास पहुंचे थे। उसी मोहल्ले में रहने वाला भोलू उर्फ तलवार ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया । पुलिस ने दोनों मामले में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

मारपीट मामले के फरार दो आरोपी गिरफ्तार


बिलासपुर। मारपीट मामले के फरार दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 13 अगस्त को अनुराग कश्यप रात में अपने घर जा रहे थे, गाड़ी मोड़ते समय दो युवकों के द्वारा उनके साथ जमकर मारपीट कर दी गई थी। 11 अक्टूबर को पुलिस ने फरार आरोपी ओम गरूड पिता किशोर गरूड 20 साल विद्यानगर चंदन पैलेष, विशु श्रीवास पिता राजकुमार श्रीवास 24 साल अशोकनगर चौक निवासी को गिरफ्तार कर पूर्व में अपराधिक रिकार्ड होने पर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

जमीन रजिस्ट्री कराने के बाद नहीं दिया रुपए, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। जमीन रजिस्ट्री कराने के बाद 2 लाख 78 हजार रुपए नहीं देने वाले के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया, जून 2026 में विद्याडीह निवासी गोविंद दिनकर ने छतौना मुंगेली निवासी मनीराम कश्यप से जमीन खरीदने के बाद दो अलग अलग नाम का चेक दिया। ग्रामीण ने चेक आहरित करने के लिए उसे बैंक में जमा किया तो हस्ताक्षर मिलान नहीं होने पर चेक लौटा दिया गया। ग्रामीण ने मनीराम कश्यप को जानकारी देकर पैसा मांगा। वह पैसा के लिए घुमाने लगा। काफी प्रयास के बाद पैसा नहीं देने पर उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मनीराम कश्यप के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

अलायंस एयर की साइट पर बुकिंग शुरू अलायंस एयर ने विंटर शेड्यूल से पहले की घोषणा

शेड्यूल में मिली फ्लाइट, 1 नवंबर से कोलकाता के लिए बुकिंग शुरू



बिलासपुर। बिलासपुर से कोलकता की डायरेक्ट फ्लाइट 1 नवंबर से शुरू हो रही है। इसकी अधिकारिक सूचना अलायंस एयर के द्वारा जारी की गई है। इसके साथ ही फ्लाइट का बेस फेयर राशि भी जारी कर दी गई है। यह फ्लाइट पिछले 4 माह से बंद थी, जिसके बाद एयरलाइन्स कंपनी ने विंटर शेडयुल के तहत फ्लाइट चलाने की घोषणा कर दी है। अलायंस एयर के इस कदम से यात्रियों को सुविधा मिलेगी, लेकिन इसका किराया पहले की तुलना में अधिक होगा।

बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट शुरू होने से क्षेत्र के व्यापारियों को सुविधाएं मिल सकेगी, इसके साथ ही अलायंस एयर ने सीधे बिलासपुर से कोलकाता की फ्लाइट भी शुरू कर दी है। 1 नवंबर से फ्लाइट बिलासा



देवी केंवट एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी और अभी से बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। जहां पहले यह फ्लाइट 35 सौ रूपए में मिल रही थी, वहीं अब फ्लाइट का किराया 5 से 7 हजार रूपए हो सकता है। फ्लाइट बिलासा एयरपोर्ट से 11.40 को उड़ान भरेगी और करीब डेढ़ बजे कोलकाता पहुंचेगी। दरअसल यह फ्लाइट सामान्य फेयर रेट पर चलेगी, जबकि इससे पहले आरसीएस योजना के तहत फ्लाइट चलाई जा रही थी, ऐसे में यात्रियों को कोलकाता की यात्रा करने के लिए अधिक रकम देनी होगी।

12 मार्च 2024 को शुरू किया गया था

अलायंस एयर के द्वारा 12 मार्च को कोलकाता की फ्लाइट बिलासा एयरपोर्ट से उड़ाई गई थी। इस फ्लाइट का किराया महज 2 हजार रूपए रखा गया था, लेकिन इसके बाद यात्रियों की संख्या बढ़ते देख अलायंस एयर ने किराया 35 सौ रूपए कर दिया और तब से जून 2026 तक फ्लाइट का किराया 35 सौ रूपए ही रखा गया था, हालांकि फ्लैसी किराया के तौर पर राशि बढ़ती भी रही है।

रीवा-कोलकाता को मिल रही सब्सिडी

खास बात यह है कि यही फ्लाइट रीवा से भी उड़ान भर रही है, लेकिन रीवा-कोलकाता की फ्लाइट का किराया महज 25 सौ रखा गया है, जहां सब्सिडी का फायदा मिल रहा है, जबकि बिलासपुर से इसका किराया 5 हजार से अधिक होने वाला है। दरअसल आरसीएस योजना को बंद कर अब सामान्य किराया वसूला जा रहा है, जिससे यात्रियों को परेशान होना पड़ सकता है, इससे यात्रियों की तादात में काफी फर्क पड़ेगा।

मर्जी से खुल रहीं दुकानें, अवैध पार्किंग से बिगड़ रहा ट्रैफिक, गाड़ियों के आने-जाने के लिए जगह नहीं बच रही

1200 कारोबारी ही वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित जबकि शहर में 5 हजार से ज्यादा ठेले लग रहे



मंगला रोड में अवैध दुकान।



पुराना बस स्टैण्ड अतिक्रमण दस्ते के साथ हाथापाई करते व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिना अनुमति खुल रही चौपाटियां

शहर में कोई भी कहीं पर चाट-गुपचुप और अन्य खाद्य पदार्थों का ठेला लगाकर चौपाटी खोल रहा है। इसकी न तो निगम से अनुमति ही ली जा रही है और न ही इन जगहों पर वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। तेलीपारा, इमलीपारा में तीन जगहों पर छोटी चौपाटी बन गई है। बस स्टैंड में राजीव प्लाजा के सामने, दयालबंद में अवैध ठेले-खोमचे और छोटी दुकानें खुल गईं हैं। इसी तरह शहर में कई जगहों पर कारोबारियों ने खुद ही चौपाटी खोल ली है। हालांकि नगर निगम इनमें से कुछ को वेंडिंग जोन घोषित कर कारोबारियों को लाइसेंस दे रहा है।

शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया है, जबकि पांच हजार से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं। इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं भी किया जा रहा है। शहर में खराब ट्रैफिक की एक बड़ी वजह यही है। यही नहीं जगह-जगह पर खड़ी कंडम गाड़ियों के कारण भी सड़कों की चौड़ाई कम हो रही है। त्यौहारी सीजन में यह लापरवाही शहरवासियों पर और भारी पड़ रही है।

श्रीकांत वर्मा मार्ग, सरकंडा में पुराने पुल से लेकर सुभाष चौक तक, मंगला चौक से मुंगेली नाका चौक, लिंक रोड के साथ ही मिशन अस्पताल के सामने सड़कें 10 से 15 फीट तक संकरी हो गई हैं। दोनों तरफ आठ-आठ फीट तक शेड या सामान निकालकार कारोबार करने वालों की वजह से इन सड़कों में ट्रैफिक का बुरा हाल है। दुकानों के सामान के अलावा सड़कों पर ठेले-खोमचे और फेरी लगाने वालों के कारण भी गाड़ियों के आने-जाने के लिए जगह नहीं बच रही है। ट्रैफिक की यह अव्यवस्था लोगों को भारी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से निगम और पुलिस का अमला शहर में कार्रवाई जरूर कर रहा है। अव्यवस्था फैलाने वालों को एक चेतावनी दी जा रही है। उसके बाद भी कारोबारी सुधर नहीं रहे हैं। देवकीनंदन चौक से सदर बाजार चौक तक की हालत तो और बुरी है।



मंगला रोड पर बनाया जा रहा आड़ा-तिरछा नाला।

कड़ी कार्रवाई के बाद ही सुधरेगी व्यवस्था

ट्रैफिक विशेषज्ञ और टाउन प्लानर मनीष पिल्लीवार ने कहा कि यदि व्यवस्था नहीं सुधर रही है तो सड़कों पर सामान फैलाकर कारोबार करने वालों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा सकती है। दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्रवाई होने पर लोगों में सुधार की जरूरत महसूस होगी। यही नहीं, जब्त सामान को राजसात करने का भी सख्त निर्णय लेना होगा। सड़कों से इन चौपाटियों को हटाने के लिए लगातार अभियान के साथ ही कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

बरती जाएगी सख्ती

निगम की ओर से तय वेंडिंग जोन में ही कारोबार करने की अनुमति है। यदि बाहर कारोबार किया जा रहा है तो निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से चौपाटी चलाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती जाएगी।

- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

पुराने मीटर बदलने विभाग कर रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिले में 75 फीसदी उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट मीटर मौजूद है, लेकिन सिटी सर्किल में 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के पास पुराने मीटर है।

- खराब मीटरों की जगह लगाए जाएंगे नया स्मार्ट मीटर

ऐसे में विभाग खराब रीडिंग और बंद पड़े मीटरों को बदलने के लिए सर्व शुरू कर चुका है। आगामी दिनों में पुराने मीटरों को बदलकर नया स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा।

सिटी सर्किल में जल्द ही पुराने मीटरों को बदला जाएगा। सर्किल में डेढ़ लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता है। इसमें से 80 हजार उपभोक्ता पूर्वी व 73 हजार उपभोक्ता पश्चिमी डिवीजन में है। दोनों ही डिवीजन में 75 फीसदी स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। ऐसे में करीब 1 लाख 14 हजार उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी कई उपभोक्ता पुराने मीटरों पर बिजली का उपयोग कर रहे हैं, ऐसे में विभाग इन मीटरों को बदलने की योजना बना रहा है, वर्तमान में खराब और गलत मीटर देने वाले मीटरों को बदलने के लिए सर्व शुरू किया गया है, बिजली अधिकारी व कर्मचारी उपभोक्ताओं से संपर्क कर ऐसे मीटरों को बदलने की हिदायत दे रहे है। अधिकारी उपभोक्ताओं को निशुल्क मीटर बदलने की सुविधा दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मीटर में बिल भी गलत आ रहा है, जिससे कंपनी को नुकसान उठाना पड़ रहा है। मीटर खराब होने की दशा में महज सूचना पर ही मीटर तत्काल बदलने की बात अधिकारी कर रहे हैं।

पेनाल्टी से बचा जा सकता है

अधिकारियों का कहना है कि गलत मीटर रीडिंग और जल चुके मीटरों को तत्काल बदलना होगा। पुराने मीटरों का स्टॉक पूरी तरह से खत्म हो चुका है, ऐसे में उपभोक्ताओं को नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। दरअसल उपभोक्ताओं के पास बंद मीटर, जला मीटर व गलत रीडिंग दिखाने पर पेनाल्टी लगाया जा सकता है, ऐसी स्थिति से बचने के लिए उपभोक्ताओं को नया स्मार्ट मीटर लेने की सलाह दी जा रही है।

पुराना मीटर खत्म हो गया है

पुराना मीटर खत्म हो चुका है, अब जहां भी लगाया जा रहा है स्मार्ट मीटर ही लगाया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के मीटर खराब या बंद है, उन्हें तत्काल स्मार्ट मीटर लेना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगाया गया है।

-पीएल सिदार, अधीक्षण यंत्री, बिजली विभाग

कोरबा से आकर सूने मकानों में करते थे चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गिरफ्तार आरोपी।

कोरबा से बाइक में आकर ग्रामीण क्षेत्र के 10 सूने मकानों में धावा बोलकर चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में एसीसीयू टीम को बड़ी सफलता मिली है। युवकों के पास से चोरी के 6 लाख के सोने चांदी के जेवर, दो बाइक व चोरी की रकम से खरीदी गई कार जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया, पिछले कुछ समय से कोटा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में दिनदहाड़े सूने मकानों से सोने चांदी के जेवर व नकद रकम की चोरी हो रही थी। एसएसपी रजनेश सिंह ने चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया। एसीसीयू टीआई गोपाल सतपथी, राहुल सिंह, समर बहादूर, अविनाश कश्यप एवं अन्य ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कोरबा जिले में जाकर 3 शातिर चोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर तीनों ने पाली में एक व बिलासपुर के कोटा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र के 9 मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया है।

उनकी निशानदेही पर पुलिस ने 6 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर, 1 लाख 30 हजार रुपए नकद, वारदात में प्रयुक्त एक बुलेट, एक बाइक व एक क्रेटा कार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

चोरी की रकम से खरीदी कार

चोरी की रकम से मास्टर माइंड विनोद वासुदेव ने नई क्रेटा कार खरीद ली थी और चोरी की रकम से किश्त पटा रहा था। पुलिस ने उक्त क्रेटा कार जब्त कर लिया है।

पकड़े गए आरोपी

- विनोद कुमार वासुदेव पिता सुखीराम वासुदेव 33 साल डिपरपारा मानिकपुर कोरबा
- भूपेन्द्र सिंह राठौर उर्फ गुरूजी पिता चित्रभान सिंह राठौर 43 साल डिपरपारा मानिकपुर कोरबा
- राज प्रजापति उर्फ लल्लू पिता बलराम प्रजापति 19 साल डिपरपारा मानिकपुर कोरबा

रेलवे में नौकरी के नाम पर 13 लाख की ठगी

बिलासपुर। रेलवे में टीटी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से 13 लाख 7 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार दयालबंद निवासी रविकांत यादव सेल्स मार्केटिंग का काम करता है। नवंबर 2024 में इमरान नामक एक युवक ने फोन से संपर्क कर रेलवे के बड़े अधिकारियों से पहचान होने और टीटी की नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। इसके लिए 13 लाख रुपए मांगे। नौकरी की उम्मीद में रविकांत ने दिसंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच यूपीआई और फोन पे के माध्यम से आरोपी के खाते में अलग-अलग किस्तों में कुल 13.07 लाख रुपए जमा किए। रकम लेने के बाद भी आरोपी ने न नौकरी लगवाई और न ही पैसे लौटाए। परेशान होकर रविकांत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बैटरी चोरी करने वाले 6 व टायर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने मोबाइल टावर के स्टोररूम से बैटरी चोरी करने 6 युवकों व खड़े ट्रेलर से टायर चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, मध्य प्रदेश रीवा मऊगंज निवासी अनूप पटेल पिता दिनेश पटेल 22 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे आईडिया कंपनी में टेक्निशियन के पद पर कार्यरत हैं। आईडिया कंपनी का टावर नवाडीह सीपत तिवारी चाल में लगा हुआ है। टावर के नीचे स्टोर रूम में बैटरी रखे थे। स्टोररूम का ताला तोड़कर 7 नग बैटरी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रमोद पटेल पिता पिरित राम पटेल 45 साल चंगोरी अकलतरा, संतोष सिदार पिता स्व. गणेश सिदार 55 साल नवाडीह सीपत, मन्नू सिंह चौहान उर्फ लक्ष्मण पिता स्व. नर्मदा सिंह चौहान 50 साल नवाडीह, राजेन्द्र यादव उर्फ सुखदेव पिता दुखीराम यादव 40 साल नवाडीह, देवी प्रसाद यादव पिता स्व. देवारी लाल यादव 30 साल नवाडीह, अरमानुद्दीन पिता क्षम्मू मिंया 42 साल झलमला सीपत निवासी को गिरफ्तार कर चोरी गई बैटरी जब्त कर लिया है। दूसरी घटना में जांजी निवासी हेमंत यादव ने रिपोर्ट लिखाई। वे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएम, 5851 ब्रेक डाउन होने पर पिछले एक माह से मटैरियल गेट सीपत के पास पार्किंग में खड़ा कर दिए थे। 10 अक्टूबर को चालक मुकेश रजक ने बताया, ट्रेलर का दो नग टायर डिक्स दो लोग आटो में भरकर ले जा रहे हैं। पुलिस ने पतासाजी कर मो. यासीब अंसारी पिता मो. इलयास अंसारी 21 साल गुरूनानक चौक कासिमपारा तोरवा, मो. जफर खान पिता मो. शहीद खान 38 साल बजीतखुर्द गिरौद शिवनगर सिटी निवासी को गिरफ्तार कर चोरी के टायर जब्त कर लिया है।



40 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुलमुला थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम चोरभट्ठी मेन रोड पर दबिश देकर 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 40 हजार रुपये बताई गई है। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुलमुला पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चोरभट्ठी मेन रोड पर गुलमोहर पेड़ के पास अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखी गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। मामले में रघुवीर कश्यप (30 वर्ष), पिता संतोष कश्यप, निवासी ग्राम पौना, थाना मुलमुला, जिला जांजगीर-चांपा को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कीमत लगभग 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

नवरात्र में खस्ताहाल सड़कों पर निकलेगा श्रद्धालुओं का हुजूम

बिलासपुर। रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। कुछ दिनों में ही शहर में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ेगा। शहर की लगभग सारी सड़कों का नए सिरे से निर्माण किया जाना है, लेकिन आज की स्थिति में कई सड़कें खस्ताहाल हैं। ऐसे में लोगों की त्योहारी सीजन में देर रात सड़कों पर आवाजाही कई मायनों में कष्टकारी साबित हो सकती है।

शहर की विगत कई दशकों से नवरात्र के दौरान देवी आराधना के लिए सड़कों पर देर रात तक निकलकर भ्रमण एवं पूजा-पाठ की परंपरा रही है। ऐसे में खस्ताहाल सड़क इसमें बड़ी बाधा बन सकती है। मध्यनगरी चौक से रोटरी मार्ग होते तेलीपारा जाने वाली सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि इस मार्ग पर दुपहिया-चारपहिया वाहनों की गति दस से अधिक नहीं जा पाती है।

इसी तरह नेहरू चौक से कुदुदंड होते मंगला चौक तक जाने वाली सड़क एक कदम चलने लायक नहीं है। जिसका नया निर्माण तो दूर, पेंचवर्क तक नहीं कराया जा सका है। नेहरू चौक से ही नया पुल होते महामाया चौक तक की सड़क भी पूरी तरह जर्जर है। बृहस्पति बाजार चौक से राजेंद्र नगर चौक तक जाने वाली सड़क भी काफी खराब हालत में है। इधर 32 करोड़ की लागत से तैयार की जाने वाली नेहरू चौक से दर्रीघाट सड़क के अंतर्गत तोरवा चौक तक का निर्माण तो किया जा चुका है, लेकिन इसके आगे एक कदम भी चलना मुश्किल है। सड़क दोनों ही ओर से पूरी तरह जर्जर है। यह सड़क अभी निर्माणाधीन है, लेकिन पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क और धूल के गुबार से लोग हलाकान हो रहे हैं। शहर से लगे मल्हार स्थित मां डिडिनेश्वरी मंदिर के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी इस मार्ग से आवागमन करते हैं, जिससे लोगों को इस साल आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसी तरह सरकंडा से नगोई जाने वाले मार्ग की हालत भी काफी खराब है। नगोई में मां महामाया मंदिर के दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे इस मार्ग पर आवागमन के दौरान उन्हें भी परेशान होना पड़ सकता है।

निर्माण कार्य जारी है

नेहरू चौक से दर्रीघाट मार्ग में रेड डायमंड होटल की एक पट्टी को छोड़कर तोरवा तक लगभग डामरीकरण हो चुका है। लालखदान क्षेत्र में तीव्र गति से निर्माण जारी है। कुदुदंड मार्ग बेहद जर्जर है, जिसका पेंचवर्क कराया जाएगा। लिंकरोड, देवकीनंदन चौक से महामाया चौक जल्द प्रारंभ होने वाला है।

-आदित्य ग्रोवर, ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

अमझर प्लांट से 50 किलो सिलिको मैंगनीज पत्थर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

चांपा। क्षेत्र के अमझर प्लांट से सिलिको मैंगनीज पत्थर चोरी कर ले जाने के मामले में चांपा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 50 किलोग्राम सिलिको मैंगनीज पत्थर बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 5 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविन्द्र बर्मन निवासी पहरिया, थाना बलौदा ने चांपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर की रात करीब 11:55 बजे एक व्यक्ति अमझर बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते से कंधे पर बोरी रखकर प्लांट से बाहर निकल रहा था। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड की नजर उस पर पड़ी। व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर सुरक्षा गार्ड ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्ति बोरी को पटककर भागने लगा। हालांकि, सुरक्षा गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे मौके पर बैठाकर रखा गया तथा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

खबर संक्षेप



दो ग्राम पंचायतों में मिली बालिका शौचालय की सौगात

कोरबा। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं के लिए स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल पूरी हुई है। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशनदृग्रामीण (वीबी-जी रामजी) के अंतर्गत पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत नोनबिर्री और करतला विकासखंड की ग्राम पंचायत दादरकला में बालिका शौचालयों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित मेरी बेटी मेरा अभिमान अभियान के तहत ग्रामीण शासकीय विद्यालयों में बालिकाओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में अभियान के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। नोनबिर्री और दादरकला में पूरे हुए निर्माण इसी अभियान का हिस्सा हैं। दोनों ग्राम पंचायतों में बने बालिका शौचालयों को गुलाबी रंग और आकर्षक चित्रकारी से सजाया गया है। दीवारों पर मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान और 'स्वच्छ रहें, सुरक्षित रहें' जैसे संदेश अंकित हैं। विद्यालय की बालिकाओं ने शौचालयों के सामने स्वच्छता का संदेश देते हुए अभियान के प्रति उत्साह व्यक्त किया। विद्यालयों में अलग बालिका शौचालय उपलब्ध होने से छात्राओं को निजता और स्वच्छता की सुविधा मिलेगी। किशोरावस्था में यह सुविधा बालिकाओं की गरिमा और आत्मविश्वास के साथ-साथ विद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए भी सहायक होगी।

शांति नगर में बिजली विभाग की त्वरित कार्रवाई, जर्जर केबल बदला



दीपका। दीपका नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित शांति नगर में बिजली विभाग ने विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबल और बार-बार होने वाली बिजली संबंधी समस्याओं को देखते हुए विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केबल बदलने और आवश्यक मेंटेनेंस का कार्य कराया। इस पहल से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार हुआ है और वार्डवासियों को बार-बार होने वाली बिजली कटौती तथा तकनीकी परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। शांति नगर में ट्रांसफार्मर से जुड़ी बिजली व्यवस्था की स्थिति लंबे समय से चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। जर्जर केबल के कारण आए दिन तकनीकी खराबी सामने आती थी। कई बार केबल जलने और विद्युत सर्किट में खराबी आने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती थी। इसके चलते स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। बिजली आपूर्ति बाधित होने से दैनिक कामकाज भी प्रभावित होता था। स्थानीय स्तर पर सामने आ रही इन समस्याओं को देखते हुए बिजली विभाग ने सक्रियता दिखाई और आवश्यक सुधार कार्य शुरू कराया। मेंटेनेंस के दौरान पुरानी तथा खराब केबल को बदलकर नई केबल लगाई गई।

निगम के पेंशनर 23 अक्टूबर तक जीवित प्रमाण पत्र जमा कराएं

कोरबा। नगर निगम से सेवानिवृत्त समस्त पेंशनरों से कहा गया है कि वे अपने जीवित प्रमाण पत्र को पूर्ण रूप से भरकर एवं अपने व्यक्तिगत खाता संधारित बैंक के शाखा प्रबंधक से प्रमाणीकरण कराकर 23 अक्टूबर तक निगम के स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराएं ताकि इस पर आगामी कार्यवाही की जा सके। उल्लेखनीय है कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा नगरीय निकायों के पेंशनरों का जीवित प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से सत्यापन कराया जाकर पेंशनरों की सूची सहित 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से संचालनालय को भेजे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत निगम द्वारा जीवित प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि में संचालनालय को प्रेषित किया जाना हैं, अतः नगर निगम द्वारा अपने सभी पेंशनरों से कहा गया है कि वे जीवित प्रमाण पत्र पूर्ण रूप से भरकर एवं बैंक खाते को संधारित बैंक के शाखा प्रबंधक से प्रमाणीकरण कराकर 23 अक्टूबर तक पेंशन विभाग में जमा कराएं।

पृष्ठ 1 का शेष

600 से ज्यादा...

निर्धारित थी। ऐसे में अतिरिक्त आवास की जरूरत का अनुमान लगाया जा सकता था। पूर्व में भी इस संबंध में डीन से सवाल किया जा चुका है। उस समय नए विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की व्यवस्था तलाशने की बात कही गई थी। इसके बावजूद प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बन सकी। अब विद्यार्थियों को उपलब्ध कमरों और हॉल में की गई अस्थायी व्यवस्था के सहारे रहना पड़ रहा है। विद्यार्थियों में इस स्थिति को लेकर नाराजगी बताई जा रही है। हालांकि, भविष्य में इसी कॉलेज में पढ़ाई जारी रखनी होने के कारण वे खुलकर अपनी परेशानी जाहिर करने से बच रहे हैं।

चौड़ी हुई सड़क, लेकिन वर्षों पुराने पुल की नहीं बढ़ी चौड़ाई

कसनिया के पास कौहा नाला का संकरा पुल दे रहा हादसों को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा से बिलासपुर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर कसनिया के पास स्थित वर्षों पुराना कौहा नाला पुल इन दिनों दुर्घटना की आशंका का बड़ा कारण बना हुआ है। सड़क का चौड़ीकरण किए जाने के बावजूद पुल की चौड़ाई नहीं बढ़ाई गई है। वहीं पुल के दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग नहीं होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। संकरे पुल से एक साथ दो वाहनों का गुजरना मुश्किल है, जिसके चलते छोटे वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

खास बात

- रेलिंग भी गायब, भारी वाहनों के गुजरते ही थम जाता है आवागमन

कटघोरा से बिलासपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर कसनिया के पास काके ढाबा के पहले स्थित यह पुल लंबे समय से इसी स्थिति में है। इस मार्ग पर दिन-रात हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण भारी वाहनों की संख्या भी काफी अधिक है। लेकिन जब कोई भारी वाहन पुल से गुजरता है तो विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों को पुल के बाहर रुककर इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में सड़क पर वाहनों की कतार लगने के साथ ही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस पुल पर कई दफा बड़े हादसे हो चुके है जिनमें कुछ लोगों ने अपनी जान भी गवाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, समय के साथ इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ा है। सड़क का चौड़ीकरण भी किया गया, लेकिन पुल की मूल चौड़ाई में कोई खास बदलाव नहीं किया गया। वर्तमान यातायात के लिहाज से पुल काफी संकरा साबित हो रहा है। खासकर भारी वाहनों के आवागमन के दौरान छोटे वाहन चालकों को काफी सतर्कता बरतनी पड़ती है। पुल की चौड़ाई कम होने के साथ-साथ सुरक्षा रेलिंग का नहीं होना सबसे बड़ी चिंता का विषय है। पुल के किनारे पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण जरा सी चूक वाहन को गंभीर दुर्घटना की ओर ले जा सकती है। रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। यह मार्ग लोक निर्माण विभाग, कटघोरा के अंतर्गत आता है। बावजूद इसके पुल की जर्जर और संकरी स्थिति को लेकर विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। वर्षों से मौजूद इस समस्या का समाधान नहीं होने से विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सड़क का चौड़ीकरण किया गया था, तभी पुल की चौड़ाई बढ़ाने और दोनों ओर मजबूत सुरक्षा रेलिंग लगाने की जरूरत थी। यदि उस समय इस दिशा में काम किया जाता तो आज यह पुल दुर्घटना का संभावित केंद्र नहीं बनता।


संकरी पुल से गुजरता भारी वाहन।

बड़े हादसे का इंतजार

सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रशासन और संबंधित विभाग आखिर किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहे हैं? इस मार्ग से प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों का भी लगातार आना-जाना रहता है। इसके बावजूद अब तक किसी ने इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता से नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन को पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम करने चाहिए। पुल की चौड़ाई बढ़ाने के साथ दोनों ओर मजबूत रेलिंग लगाने, पर्याप्त संकेतक लगाने और यातायात को सुरक्षित बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा, हादसे का इंतजार


रास्ते में मंडराते आवारा मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

क्षेत्र के कॉलेज चौक से उतरदा मार्ग होते हुए अंबेडकर चौक भाटापारा तक सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। सड़क के बीचोंबीच बैठने वाले मवेशियों के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। खासकर रात के समय अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देने से मोटरसाइकिल चालकों के लिए खतरा और बढ़ जाता है। वहीं भारी वाहन चालकों को भी आवागमन के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौ माता की रक्षा और सेवा के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाले कई लोग समय-समय पर सामने आते हैं लेकिन सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर गंभीर पहल नजर नहीं आती। कुछ लोग कुछ दिनों तक गौ रक्षा के लिए सक्रिय दिखाई देते हैं लेकिन बाद में उनकी सक्रियता भी नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सड़कों पर घूम रहे इन मवेशियों की सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी कौन उठाएगा।

मवेशी मालिकों की भी जिम्मेदारी

क्षेत्र में कई मवेशियों को उनके मालिक खुले में छोड़ देते हैं, जिसके कारण वे सड़कों पर बैठने के साथ आसपास के खेतों में भी पहुंच रहे हैं। वर्तमान में धान की फसल खेतों में लगी हुई है। ऐसे में मवेशियों के खेतों में घुसने से किसानों की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए, ताकि सड़क हादसों और फसल नुकसान जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

कटघोरा जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपजेल कटघोरा में जेल के बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में डॉ० शाश्वत व्यौहार अयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर एवं बी. के. सुमन प्रजापति ब्रम्हाकुमारी संस्था कटघोरा एवं उनके टीम ने उपस्थित अभिरक्षाधीन बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, मानसिक रूप से परेशान व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा जोड़ने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों एवं भेदभाव को दूर करने और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित किया गया एवं बी. के. सुमन प्रजापति ने वहां उपस्थित समस्त बंदियों को मेडिटेशन कराया। शिविर के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित व्यक्तियों के विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि ष्विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2026 में जागरूकता बढ़ाने के बजाय यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में सुधार लाने में वास्तविक अनुभव रखने वाले लोगों की सार्थक भूमिका होष एवं प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित व्यक्तियों को भी समान अधिकार एवं उचित सहायता प्राप्त होनी चाहिए।


विधिक शिविर में उपस्थित बंदी।

महिला पीड़ितों के 328 लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु एक सप्ताह का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करने तथा महिला संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में कोरबा पुलिस द्वारा "मातृ सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पूर्व एक सप्ताह का विशेष अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला पीड़ितों से संबंधित लंबित शिकायतों एवं आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कुल 328 लंबित प्रकरणों का चिह्नांकन किया गया। इन प्रकरणों को श्रेणीबद्ध किया गया तथा शीघ्र निराकरण के लिए जिला व थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

खास बात

- 262 मामवे हुए निराकृत, 55 मामलों में एफआईआर दर्ज, 27 प्रकरणों में हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

अभियान का मुख्य उद्देश्य महिला पीड़ितों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करना, पात्र मामलों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करना, पारिवारिक विवादों का उचित परामर्श के माध्यम से समाधान करना तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय प्राप्त करने में आवश्यक सहायता प्रदान करना था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला एवं थाना स्तर पर गठित विशेष टीमों द्वारा चिन्हांकित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित पक्षो को आहूत कर शिकायतों की प्रकृति एवं साक्ष्यों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। विशेष अभियान के दौरान कुल 328 चिह्नांकित लंबित आवेदनों में से 262 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए लगातार कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

अभियान के दौरान 55 मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरणों का निकाल किया गया। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा संभावित विवादों को रोकने के उद्देश्य से 27 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस अहस्तक्षेप योग्य 58 प्रकरणों में आवेदिकाओं को उचित विधिक प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी गई। पति-पत्नी एवं अन्य पारिवारिक विवादों से संबंधित 40 मामलों में महिला सेल के माध्यम से संबंधित पक्षों की काउंसलिंग कराई गई। इसका उद्देश्य पारिवारिक परिस्थितियों को समझना, आपसी संवाद को प्रोत्साहित करना तथा कानून के अनुरूप उचित समाधान की दिशा में प्रयास कर न्याय दिलाना रहा। महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण में कानूनी कार्यवाही के साथ साथ पीड़िताओं की परिस्थितियों को समझते हुए आवश्यक परामर्श एवं सहायता उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। पारिवारिक विवादों के 40 प्रकरणों में महिला सेल के माध्यम से पति-पत्नी एवं परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग कराई गई।

प्रशिक्षु उपनिरीक्षक पर हमला करने वाले मां-बेटे को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

परसाभाठा बाजार जा रही तीन महिलाओं के सामने लहराकर मोटर साइकिल चलाने वाले युवक के खिलाफ जब महिलाएं शिकायत लेकर थाने पहुंची तो नशे में धुत्त युवक अपनी मां के साथ थाने पहुंच गया और वहीं हंगामा करने लगा। वह प्रशिक्षु महिला उपनिरीक्षक व आरक्षक के साथ हुज्जत बाजी कर हंगामा करने लगे। जब पुलिस कर्मियों ने समझाने की कोशिश क तो उल्टा उन पर हमला करने की कोशिश की गई। इस मामले में पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए मां बेटे के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

खास बातें

- बालको थाना परिसर में हंगामा कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला
- पुलिस आरक्षक के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाने के संबंध में अपराध दर्ज

बालको थाना में पदस्थ प्रशिक्षु उपनिरीक्षक प्रार्थिया ईश्वरी राज पति विनोद कुमार मरावी ने बालको थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे वह अपने सहकर्मियों के साथ थाना बालकोनगर में शासकीय कार्य संपादित कर रही थीं। इसी दौरान शराब के नशे में मोटरसाइकिल चलाते हुए एक बच्ची को टक्कर मारने के मामले में अजय यादव को थाना लाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, अजय यादव की मां रानी यादव थाना पहुंची और वहां विवाद करते हुए पुलिसकर्मियों के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगी। आरोप है कि समझाइश देने के बावजूद वह नहीं मानी तथा पुलिस आरक्षक के साथ मारपीट की, जिससे आरक्षक के हाथ में चोट आई। घटना के कारण थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 132, 121(1), 221 भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और आरोपी युवक अजय यादव व रानी यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। कोरबा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। शासकीय कार्य में बाधा डालने, पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने अथवा कानून हाथ में लेने जैसी गतिविधियों से बचें। ऐसे कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जनता के प्रति पुलिस संवेदनशील

पुलिस जनता के प्रति संवेदनशील है। सहयोग के लिए हर कदम पर खड़ी हुई है किन्तु जनता अनुशासन हीनता करेगी तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करेगी।

-युवराज तिवारी
थाना प्रभारी बालको

जिले को मिलेगी आधुनिक ई-बस सेवा की सौगात अब शहर की सड़कों पर बसों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत कोरबा में पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा विकसित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। रायपुर में आयोजित कंसेशन एग्रीमेंट हस्ताक्षर कार्यक्रम में निगम आयुक्त आशुतोष पांडे की मौजूदगी को शहर की परिवहन व्यवस्था के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम माना जा रहा है।

पीएम ई-बस सेवा योजना के माध्यम से शहरी परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने, नागरिकों को सुविधाजनक सफर उपलब्ध कराने और प्रदूषण कम करने का लक्ष्य है। रायपुर में आयोजित कंसेशन एग्रीमेंट कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रमुख सचिव सोनमणि वोरा, नगरीय प्रशासन संचालनालय के संचालक निलेश क्षीरसागर और निगम आयुक्त आशुतोष पांडे उपस्थित रहे। कोरबा के लिए इस योजना का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि शहर में सार्वजनिक परिवहन के आधुनिक विकल्पों की उपलब्धता नागरिकों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बना सकती है। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होने पर यात्रियों को बेहतर परिवहन विकल्प मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मदद मिलेगी। कंसेशन एग्रीमेंट की प्रक्रिया के बाद अब कोरबा में ई-बसों की संख्या, प्रस्तावित रूट, संचालन की समय-सीमा और सेवा शुरू होने की तारीख जैसे पहलुओं पर नजर रहेगी। इन जानकारियों के सामने आने के बाद ही शहर को मिलने वाली सुविधा का वास्तविक दायरा स्पष्ट होगा। निगम आयुक्त आशुतोष पांडे की मौजूदगी में आगे बढ़ी यह प्रक्रिया कोरबा की शहरी परिवहन व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। अब चुनौती इस पहल को धरातल पर उतारने और शहरवासियों को आधुनिक ई-बस सेवा का लाभ दिलाने की होगी।


नगरीय प्रशासन मंत्री से मिलते महापौर व निगम आयुक्त।

टीबी-मुक्त भारत अभियान के तहत जोश टीम का शुभारंभ

कोरबा। टीबी-मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में टीबी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और लोगों को समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जोश टीम का शुभारंभ किया गया। टीम के सदस्य युवाओं और समुदाय के सहयोग से टीबी के लक्षणों, जांच और उपचार की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा संभावित मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने टीबी-मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर निर्धारित अवधि तक टीबी-मुक्त रहने वाली पंचायतों को सम्मानित किया गया। एक वर्ष तक टीबी-मुक्त रहने वाली पंचायतों को सिल्वर, दो वर्ष तक टीबी-मुक्त रहने वाली पंचायतों को ब्रॉन्ज तथा तीन वर्ष तक टीबी-मुक्त रहने वाली पंचायतों को गोल्ड मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। रोटरी क्लब, एनटीपीसी, बालको तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज को निक्षय मित्र का प्रमाणपत्र दिया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति की सहायक संचालक श्रीमती रमा पटेल ने एचआईवी/एड्स अधिनियम, 2017 की जानकारी दी।







खबर संक्षेप



कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

ढेलवाडीह। सद्भावना मां दुर्गा पूजा समिति नया कॉलोनी ढेलवाडीह द्वारा इस वर्ष 26वें दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति द्वारा पिछले 25 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। 11 से 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस 9 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में कथा व्यास के रूप में श्री सिद्धेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पूज्य आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री महाराज उपस्थित रहेंगे। श्रद्धालु 9 दिनों तक मां भगवती की विशेष पूजा-अर्चना के साथ आचार्य के श्रीमुख से श्रीमद् देवी भागवत कथा का रसपान करेंगे। इस दौरान नया कॉलोनी स्थित मुख्य पंडाल परिसर में डांडिया उत्सव का भी भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के तहत श्रद्धालुओं के कष्ट निवारण हेतु विशेष दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा। 13, 16 और 19 तारीख को दोपहर 1 बजे से पीठाधीश्वर आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा दिव्य दरबार लगाया जाएगा, जिसमें क्षेत्र एवं आसपास के श्रद्धालु अपनी समस्याओं के समाधान और मार्गदर्शन हेतु शामिल हो सकेंगे।

राखड़युक्त पानी को हसदेव नदी में किया जा रहा समाहित



दर्री। उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम संयंत्र से उत्सर्जित राखड़युक्त पानी का हसदेव नदी में समाहित करने से नदी किनारे स्थित बस्ती के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। संयंत्र परिसर के स्थित एक बड़े नाला के जरिये राखड़युक्त पानी को नदी में समाहित किया जा रहा है जिससे राजीव नगर और उड़िया बस्ती के लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दूषित पानी के उपयोग से उन्हें त्वचा संबंधी रोग उत्पन्न हो सकता है।

धनसलेहा के पास विचरण कर रहें 52 हाथी

कोरबा। वनमंडल कटघोरा के पसान सर्किल में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। यहां के धनसलेहा बस्ती के पास जंगल में 52 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे है जो दिनभर जंगल में घूमने के बाद रात होते ही सक्रिय होते है और ग्रामीणों के खेतों में पहुंच कर वहां लगे धान की फसल को रौंद कर नुकसान पहुंचाते है। हाथियों का झुंड दो दिन पहले क्षेत्र में तेलियामार स्थित एक मिशन स्कूल के छात्रावास के बाउड्रीवॉल को तोडक़र परिसर में घूस गया था। जिससे वहां रह रहे 160 छात्र-छात्राओं में अफरा तफरी मच गयी थी। वन विभाग को सूचना मिलने पर त्तकाल टीम को रवाना किए जिसने हाथियों को काफी मशक्कत के बाद खदेड़ा हाथियों का आतंक व उत्पात पिछले कई दिनों से सक्रि ल में जारी है। जिससें वन अमला के अलावा ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीणों द्वारा हाथियों से अपने जालमाल व फसल की सुरक्षा की गुहार वन विभाग व प्रशासन से लगाई जा रही है। लेकिन अब तक न तो वन विभाग उन्हें कोई राहत दे पाया है और न ही प्रशासन। जिसे ग्रामीणों में दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो उन्हें अपने फसल की सुरक्षा के लिए आगे आने के साथ आंदोलन भी करना पड़ेगा। ग्रामीणों के मुताबिक फसल नुकसानी के बदले वन विभाग द्वारा जो मुआवजा दिया जाता है। वह काफी कम होता है।

एक ही परिधान में ध्वज लेकर चली महिला मंडल की सदस्य

महाराजा अग्रसेन की निकली शोभायात्रा, कर्मा नर्तक दल ने बांधा समां



शोभायात्रा में शामिल समाज के सदस्य।



ध्वज लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई महिलाएं।



शोभायात्रा निकालते हुए समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज : कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर अग्रवाल समाज के लोगों ने बाजे-गाजे, आतिशबाजी और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में चांपा के कुशल कर्मा नृत्य कलाकारों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के व्यवसाई शंकर लाल अग्रवाल भारत सेलेक फैक्ट्री कारखाना एरिया कटघोरा के प्रतिष्ठान से हुआ सर्वप्रथम शंकर लाल अग्रवाल के द्वारा शोभायात्रा में शामिल समाज के सभी अग्रबन्धुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। जलपान के पश्चात यहां से समाज के सभी अग्रबंधुओं की उपस्थिति में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बेंड बाजे-गाजे, आतिशबाजी और कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शहीद वीर नारायण चौक पहुंची। इसके पश्चात शोभायात्रा वापस अग्रसेन भवन कटघोरा पहुंची, जहां कार्यक्रम सभा के रूप में परिणित हुआ।

जगह जगह उतारी गई आरती- शोभायात्रा में अग्रवाल महिला मंडल के सदस्यो के साथ साथ समाज की सभी महिलाओं ने एक ही परिधान में शामिल होकर और हाथों में महाराजा अग्रसेन जी का ध्वज लेकर आकर्षक उपस्थिति दर्ज कराई। समाज की महिलाओं की एकजुटता और अनुशासित सहभागिता ने शोभायात्रा की भव्यता को और बढ़ा दिया। वहीं शोभायात्रा में अग्रबंधुओं ने सपरिवार जगह-जगह महाराजा श्री अग्रसेन जी की आरती उतारकर पूजा-अर्चना की व अपने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर शोभायात्रा में शामिल सभी अग्रजनो के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंडल की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे।

महाराजा अग्रसेन का संदेश आज भी समाज को सेवा समरसता और सहयोग की राह दिखाता है : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज : कोरबा



शोभायात्रा में शामिल पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं अन्य।

महाराजा अग्रसेन का जीवन केवल एक समाज के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सेवा, परस्पर सहयोग, समानता, सामाजिक समरसता और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता को जीवन का आधार बनाया। आज जब समाज तेजी से बदल रहा है, तब महाराजा अग्रसेन जी के विचार हमें यह संदेश देते हैं कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब विकास के साथ मानवीय संवेदना और एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना भी मजबूत हो।

उक्त बातें महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती के पावन अवसर पर टीपी नगर से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय तक निकाली गई शोभायात्रा के दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कही। उन्होंने महाराजा श्री अग्रसेन की पूजा-अर्चना कर समस्त समाजजनों को जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हमें अपने महापुरुषों की जयंती केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने आचरण में उतारने के संकल्प के रूप में मनानी चाहिए। समाज में शिक्षा, सेवा, सद्भाव और जरूरतमंदों के सहयोग की भावना को मजबूत करना ही महाराजा अग्रसेन जी के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। भव्य शोभायात्रा में समाज के लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। आयोजन की भव्यता और सफल संचालन के लिए जयसिंह अग्रवाल ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा समाज की एकजुटता और सक्रिय सहभागिता की सराहना की। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि समाज की समृद्ध परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए सेवा, शिक्षा, सद्भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन का हिस्सा बनाएं। यही महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को सच्चे अर्थों में आगे बढ़ाने का मार्ग है।



दीपका में मनाई गई जयंती

अग्रवाल समाज के महान युगपुरुष, दया, दान और समानता के प्रतीक महाराजा अग्रसेन जी की 5150 वीं जयंती दीपका में बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। अग्रवालों के कुल देवता महाराजा श्री अग्रसेन एक वैदिक समाज के प्रवर्तक, युग पुरुष राम राज्य के समर्थन एवं महादानी व समाजवाद के प्रथम प्रणेता थे, आज पूरे भारतवर्ष में सभी अग्रवालों द्वारा उनकी जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस कड़ी में दीपिका अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती को मनाया गया। जयंती की तैयारी एक माह पूर्व ही विभिन्न कार्यक्रमों, खेलकूद एवं मनोरंजन द्वारा किया गया जिसमें सभी अग्रवालों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया, श्री अग्रसेन आनंद मेला एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ के तहत बच्चों के लिए किड्स फैंसी ड्रेस, संख्या जोड़, एबीसीडी लेखन जैसे दिमागी प्रतियोगिताएं कराई गई। अग्रसेन जयंती की अध्यक्षता अंकुश मित्तल द्वारा सभा अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल के संरक्षण में सम्पन्न हुई।

चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, सड़क पर मची अफरा-तफरी

कोरबा। कटघोरा थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मुख्य मार्ग पर चल रही एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। मुकुटधर पांडे महाविद्यालय के पास हुई इस घटना में स्कूटी देखते ही देखते आग की लपटों से घिर गई। हालात बिगड़ते देख चालक ने वाहन छोड़ दिया और सुरक्षित दूरी पर चला गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची। आग से स्कूटी पूरी तरह जल गई थी। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। कटघोरा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के अनुसार, पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भेजा गया था। आग में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे नंबर प्लेट भी स्पष्ट नहीं हो सकी। इसके चलते वाहन मालिक की पहचान करने में परेशानी आ रही है। बताया गया कि चालक मौके से चला गया था। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, इस घटना ने इलेक्ट्रिक स्कूटी की सुरक्षा और आग लगने के संभावित कारणों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला अस्पताल में आरोपी को मिली वीआईपी सुविधा पर उठे सवाल

कोरबा। शादी का झांसा देकर युवती के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार अडानी पावर प्लांट, पताड़ी के एचआर कर्मचारी पवन महतो को लेकर एक विवाद सामने आया है। जिला अस्पताल में आरोपी को मिल रही सुविधाओं पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं पुलिस अभिरक्षा के दौरान मोबाइल इस्तेमाल करने और गुटखा खाने के आरोपों ने भी निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

खास बात

- जिला जेल से शारीरिक जांच के लिए अस्पताल में किया गया था भर्ती

उल्लेखनीय है कि आरोपी पवन महतो के खिलाफ सिविल लाइन थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने शादी का वादा कर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। इसी बीच जिला अस्पताल की सामने आई तस्वीर को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



लाल घेरे में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंची आरोपी।

अस्पताल में उपचार या भर्ती के दौरान आरोपी आराम करता नजर आया। इसके साथ ही पुलिस अभिरक्षा में मोबाइल चलाने और गुटखा खाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर पुलिस कस्टडी में आरोप को ये सुविधा कैसे दी जा रही है। मामले में सबसे अहम सवाल यह है कि यदि आरोपी पुलिस की निगरानी में था तो क्या उसकी गतिविधियों पर निर्धारित नियमों के अनुसार नजर रखी जा रही थी। फिलहाल यह स्पष्ट होना बाकी है कि अस्पताल में आरोपी को किन परिस्थितियों में रखा गया था। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। यदि जांच में पुलिस अभिरक्षा या निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

आरक्षक की पड़ोसी जिले में फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसपी आफिस के स्टेनों शाखा में पदस्थ

खास बातें

- एसपी आफिस के स्टेनों शाखा में सहायक के पद पर था पदस्थ
- मौत को लेकर तरह तरह के उठ रहे हैं सवाल

एक आरक्षक की पड़ोसी जिले में फांसी के फंदे में लटकती हुई लाश मिली है। आरक्षक की मौत से पुलिस महकमे में व परिवार में शोक की लहर है। आरक्षक की मौत को लेकर तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल स्थानीय पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने व पुलिस जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि आरक्षक ने फांसी लगाई है या मामला कुछ और है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। जांच के बाद मामले का पर्दाफाश हो सकेगा।



मृतक

मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दादर खुर्द निवासी आरक्षक नरहरि पटेल पिता गोवर्धन प्रसाद पटेल वर्ष 2013 में जिला पुलिस बल में भर्ती हुआ था और एसपी आफिस के स्टेनो शाखा में सहायक के रूप में पदस्थ था। आरक्षक नरहरि पटेल का शव पड़ोसी जिले जशपुर के पत्थलगांव स्थित एक नर्सरी में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। इस घटना से पुलिस विभाग और मृतक के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। उसका शव जशपुर जिले के पत्थलगांव क्षेत्र की एक नर्सरी में संदिग्धावस्था में फांसी पर लटका मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय पत्थलगांव पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद जिला पुलिस बल और परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। फिलहाल आरक्षक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसके स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पत्थलगांव पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।



आंदोलन की चेतावनी के बाद गेवरा प्रबंधन ने भूविस्थापितों के साथ की बैठक

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से वार्ता के बाद भूविस्थापितों ने टाला आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रभावित गांवों उमेंदीभाठा मनगांव रलिया और नरईबोध के भू-विस्थापित द्वारा मांगों को लेकर गेवरा प्रबंधन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेने पर आंदोलन का ऐलान किया था। हालांकि प्रबंधन द्वारा आयोजित बैठक में 5 महिलाओं को आउटसोर्सिंग के जरिये ऑफिस में कार्य पर नियोजित करने के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों ने गेवरा जीएम को सौंपे ज्ञापन में 7 दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं होने पर 12 अक्टूबर से आंदोलन की चेतावनी दी थी। भूविस्थापितों ने गेवरा खदान परिसर एवं जीएम कार्यालय के मुख्यद्वार पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम का ऐलान किया था। भूविस्थापितों के आक्रोश को देखते हुए एसईसीएल गेवरा प्रबंधन गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों को वार्ता के लिए बुलाया। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद आखिरकार गेवरा प्रबंधन ने 5 भूविस्थापित



बैठक में चर्चा करते भूविस्थापित महिलाएं।

महिलाओं को गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय में आउटसोर्सिंग के जरिए कार्य पर नियोजित करने का आश्वासन दिया जिस पर सहमति बनने के बाद भूविस्थापितों ने 12 अक्टूबर को प्रस्तावित आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया है। भूविस्थापितो के द्वारा आंदोलन स्थगित करने से गेवरा प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। यहां बताना होगा कि गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाया जा रहा है। भूविस्थापितों की मांग है कि एसईसीएल द्वारा नियुक्त निजी कंपनियों द्वारा बिना ग्राम सभा प्रस्ताव बिना लिखित सहमति और बिना किसी पूर्व सूचना के ग्रामीणों की बची हुई जमीन तथा गांव की सीमाओं में जेसीबी व पोकलेन मशीनों से जबरन खुदाई कराई जा रही है यह कानून तथा भूमि अर्जन अधिनियम का घोर उल्लंघन है। वहीं दूसरी ओर खदान की दूरी गांवों से मात्र 100 से 200 मीटर रह गई है हैवी ब्लास्टिंग के तीव्र कंपनों से ग्रामीणों के पक्के व कच्चे मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना या जनहानि हो सकती है सुरक्षा मानकों का सरेआम उल्लंघन किया जा रहा है। भूमि अर्जन नीति के तहत मिलने वाले पुनर्वास लाभ बसाहट शासकीय रोजगार वैकल्पिक रोजगार और उचित मुआवजा वर्षों से लंबित हैं।

